भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3468**

जिसका उत्तर 17 मार्च, 2021 को दिया जाना है।

26 फाल्गुन, 1942 (शक)

**सोशल मीडिया पर सरकारी अधिकारी**

**3468. श्री सप्तगिरी शंकर उलाका** :
**श्री मोहम्मद फैजल पी.पी.** :
**डॉ. अमर सिंह** :
**डॉ. ए. चेल्लाकुमार** :
**श्री एम. सेल्वराज** :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालयों, विभागों और सरकारी अधिकारियों सहित उन सरकारी अधिकारियों के नाम और ब्यौरा क्या है जिन्होंने सरकारी हैसियत से 'कू' नामक सोशल मीडिया प्लेटफार्म के लिए हस्ताक्षर किए हैं;

(ख) क्या सरकार ने उक्त ऐप में शामिल होने के लिए उक्त सरकारी अधिकारियों को कोई दिशा-निर्देश जारी किया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे ऐप तथा अन्य स्वदेशी ऐप की सहायता के लिए सरकार किस प्रकार की मदद कर रही है तथा यह मदद किस हद तक की जा रही है; और

(घ) क्या इस ऐप के लिए सरकार द्वारा नकद इनाम के अतिरिक्त कोई अन्य प्रोत्साहन राशि दी जाती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)**

**(क):** इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के प्रमुख संगठनों ने कू (koo), भारत के अपने माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर खाते बनाए हैं। इन खातों का विवरण निम्नानुसार है:

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय : @Meity

माय जीओवी : @MyGovindia

डिजिटल इंडिया : @Digitalindia

उमंग एप : @Umang

ऐसे अन्य मंत्रालयों /विभागों और अधिकारियों का, जिन्होंने कू (Koo) पर खाता बनाया है, का रखरखाव एमईआईटीवाई द्वारा नहीं किया जाता है।

**(ख):** जी, नहीं ।

**(ग) और (घ):** अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) -नीति आयोग के साथ साझेदारी में एमईआईटीवाई ने डिजिटल इंडिया आत्म निर्भर भारत इनोवेशन चैलेंज लॉन्च किया। इनोवेशन चैलेंज एआईएम, एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब (एमएसएच) और माय जीओवी की संयुक्त

पहल थी। इसमें सभी हितधारक संकल्पना से मूल्यांकन चरण तक शामिल थे। नीचे दी गई विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 6,940 आवेदन प्राप्त हुए:

| **क्रम संख्या** | **श्रेणी** | **व्यक्तिगत** | **संगठन** | **कुल आवेदन** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्यापार | 610 | 532 | 1,142 |
| 2 | स्वास्थ्य और कल्याण | 517 | 384 | 901 |
| 3 | ई- अध्ययन | 579 | 483 | 1,062 |
| 4 | सोशल नेटवर्किंग | 780 | 375 | 1,155 |
| 5 | गेम्स | 244 | 82 | 326 |
| 6 | कार्यालय और घर से कार्य | 355 | 307 | 662 |
| 7 | न्यूज़ | 166 | 71 | 237 |
| 8 | मनोरंजन | 201 | 119 | 320 |
| 9 | अन्य | 487 | 648 | 1,135 |
| **कुल आवेदन** | | 3,939 | 3,001 | 6,940 |

मुख्य विशेषताएं: नागरिकों की जानकारी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए ऐप्स को लीडर बोर्ड पर रखा जाएगा। सरकार के उपयोग के लिए उपयुक्त पाए जाने वाले ऐप्स को अपनाया जाएगा और आगे बढ़ाने के लिए निर्देशित किया जाएगा। प्रासंगिक ऐप्स को जीईएम (**GeM**) पर सूचीबद्ध भी किया जा सकता है। इंडिया ऐप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए ऐसे सर्वश्रेष्ठ भारतीय ऐप्स की पहचान की जाएगी, जो अपनी श्रेणियों में शीर्ष पर आने की क्षमता रखते हैं।

यह तय किया गया था कि प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को मौद्रिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। प्रथम स्थान के लिए पुरस्कार राशि 20 लाख रुपये**,** दूसरे स्थान के लिए 15 लाख रुपये और तीसरे स्थान के लिए 10 लाख रुपये थी। 24 विजेताओं को कुल 3.80 करोड़ का पुरस्कार दिया गया है।

*******